सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 318 | इंदौर, शुक्रवार 31 मई, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# लोकसभा चुनाव में लगे नेताओं का परफॉरमेंस रिव्यू करेगी भाजपा

### 4 जून के बाद होगी समीक्षा बैठक, विधानसभा क्षेत्र में लीड घटी तो विधायकों की टेंशन बढ़ेगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। 4 जून को लोकसभा चुनाव का रिजल्ट आने के बाद बीजेपी अपने नेताओं, पदाधिकारियों का रिव्यू करेगी। भोपाल में सभी लोकसभा की चुनाव प्रबंधन समितियों और विधानसभाओं की चुनाव प्रबंधन समिति के 38 विभागों की समीक्षा की जाएगी।**

प्रदेश स्तर पर एमपी की सभी 29 लोकसभा सीटों के लोकसभा प्रभारी, संयोजक, विधायक, चुनाव प्रबंधन से जुड़े नेताओं के काम की समीक्षा की जाएगी। भोपाल में होने वाली रिव्यू मीटिंग में बीजेपी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, सीएम डॉ मोहन यादव, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा और पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे।

**विधायक भी टेंशन में-** बीजेपी लोकसभा चुनाव के बाद इस बात की समीक्षा करेगी कि, चुनाव प्रबंधन में किस पदाधिकारी को क्या जवाबदारी दी गई थी और उसे जो टास्क दिए गए हैं वे कितने पूरे हुए हैं। इसके साथ ही यह देखा जाएगा कि किसके इलाके में कितने बूथ पार्टी ने जीते, खासकर विधायकों के क्षेत्र में यह तुलनात्मक रूप से रिपोर्ट बनाकर समीक्षा की जाएगी कि 2023 के विधानसभा चुनाव में कितने बूथ जीते थे और लोकसभा चुनाव में उनमें से कितने बूथों पर हार मिली। यदि विधानसभा सीट पर लीड घटी तो विधायक से संगठन जवाब तलब कर सकता है।




**कार्यकर्ता को काम देकर लगातार निगरानी करती है भाजपा-** बीजेपी के प्रदेश महामंत्री और विधायक भगवानदास सबनानी कहते हैं भारतीय जनता पार्टी संगठन की जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं को देती है और उस कार्यकर्ता के काम का लगातार समीक्षा ये काम का हिस्सा है। चाहे लोकसभा का चुनाव हो या विधानसभा का चुनाव हो, छोटे चुनाव हों, या कोई अन्य दायित्व दिया है। तो उस दायित्व की समीक्षा की जाती है। क्योंकि, पार्टी जिस तेजी के साथ आगे बढ़ रही है तो इसमें हर स्तर पर कार्यकर्ता का मूल्यांकन होना और समीक्षा होना, कार्यकर्ताओं की क्षमता को निखरना यह पार्टी के काम का एक हिस्सा है। इसके कारण पार्टी तेजी से आगे बढ़ रही है।

सबनानी कहते हैं ये जो लोकसभा के चुनाव हुए हैं इनमें बड़ी सफलता मिलती दिख रही है। और सभी 29 लोकसभा में भाजपा जीतने वाली है। लेकिन हमारा कार्यकर्ता जिस काम के लिए तय किया गया था। उसने अपने काम को जिस खूबसूरती और मेहनत के साथ किया। इसका आंकलन भी पार्टी अपने स्तर पर करेगी।

**अच्छा काम करने वाले वर्कर को आगे बढ़ने के अवसर मिलते हैं-** विधायक सबनानी कहते हैं पार्टी का एक बड़ा सिस्टम है। शक्ति केन्द्र, मंडल स्तर से लेकर जिले के स्तर पर हर कार्यकर्ता के काम का आंकलन लगातार चलता है। उसके हिसाब से ही उसकी जिम्मेदारी तय है। फिर दी गई जिम्मेदारी की समीक्षा करने के बाद कार्यकर्ता का मूल्यांकन किया जाता है। इसी के कारण कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। जो काम हमें मिला उसे हमने समर्पण के साथ किया तो निश्चित तौर पर पार्टी आगे - पीछे फिर विचार करती है। लेकिन, दिए गए काम के प्रति जो लापरवाह रहते हैं। क्योंकि चुनाव किसी भी राजनीतिक दल के लिए कसौटी होता है। उसमें हमारे काम की गुणवत्ता सही नहीं है तो यह बात पार्टी के संज्ञान में आती है।

**चुनाव में गड़बड़ी करने वालों पर कार्रवाई भी होगी-** चुनाव में भितरघात करने वालों पर कार्रवाई के सवाल पर भगवानदास सबनानी कहते हैं- पार्टी के विधान में यह उल्लेख है कि जो कार्यकर्ता अलग होकर चुनाव लड़ता है। वह स्वाभाविक रूप से अलग निकल ही जाता है। लेकिन, पार्टी के बाकी तंत्र हैं वहां से सूचना आती है कि, इस कार्यकर्ता ने पार्टी की लाइन के खिलाफ जाकर काम किया। अगर उसके प्रमाण आते हैं तो पार्टी उसके खिलाफ कार्रवाई करती है। और यह लगातार चलता है नगर निगम के चुनाव हुए हों, या उपचुनाव हुए हों, या विधानसभा के चुनाव हुए हों, और इस चुनाव में जिस किसी कार्यकर्ता की शिकायत आई है। और लगता है कि शिकायत करने वाला कार्यकर्ता ने सबूत दिए हैं और प्रमाणित होता है। निश्चित तौर पर कार्रवाई होती है। तो बाकी कार्यकर्ताओं को भी यह सबक मिले कि हम कुछ भी करते रहेंगे और चल जाएगा। तो ये बात भी याद रहे कि पार्टी की सबके ऊपर नजर रहती है।

## महाकाल मंदिर में सुरक्षाकर्मियों और श्रद्धालुओं में मारपीट

### लाइन में लगे भक्तों को रोका, खास को एंट्री दी; निरीक्षक और दो सुरक्षाकर्मी निलंबित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। श्री महाकालेश्वर भगवान के दर्शन को लेकर एक बार फिर मारपीट की घटना हो गई। मारपीट मंदिर के निर्माल्य गेट पर शयन आरती के बाद दर्शन को लेकर हुई। यहां खास लोगों को मंदिर में प्रवेश दिया जा रहा था और आमजन को रोका जा रहा था। यह भेदभाव ही मारपीट की मुख्य वजह बनी।**

उल्लेखनीय है कि भगवान शिव के आस्था का केन्द्र बारह ज्योतिलिंगों में से सबसे बड़े श्री महाकालेश्वर है। दो साल पूर्व केन्द्र और मध्यप्रदेश सरकार ने मंदिर में अरबो रुपए के काम कराए और महाकाल लोक बनाया,जिसके बाद यहां पर्यटकों का तांता लग गया। उज्जैन का नाम विश्व पटल पर पहुंच गया लेकिन जितनी तेजी से उज्जैन प्रसिद्ध हुआ है उतनी तेजी से मंदिर के प्रति आस्था भी कम होती जा रही है। मंदिर से जुड़े लोग लूट,खसौट,ठगी और मारपीट करने पर उतारू हो गये हैं। इस पर प्रशासन भी अंकुश नहीं लगा पा रहा है। प्रशासन सजा तो दे रहा है लेकिन घटनाएं रूक नहीं रही हैं। हर दो-तीन दिन में लूट,ठगी और मारपीट की घटनाए हो रही हैं।

बुधवार रात को भगवान की शयन आरती के बाद मंदिर के दरवाजे पर ही इंदौरी श्रद्धालु और सुरक्षा कर्मचारियों में मारपीट हो गई। जिसके वीडियो भी वायरल हुए है। मंदिर समिति के सहायक प्रशासक मूलचंद जूनवाल ने कहा कि रात को निर्माल्य गेट पर इस तरह का विवाद हुआ है। पूरे मामले की जांच की जा रही है,जांच पूरी होने के बाद दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी हालांकि मारपीट श्रद्धालु ने शुरू की थी।

### मारपीट की वजह

इंदौर के हर्ष सिंह बुधवार रात महाकाल मंदिर दर्शन करने पहुंचे थे। रात 9.30 बजे मंदिर प्रशासक कार्यालय के सामने से लोगों की एंट्री बंद कर दी गई। इस वजह से यहां भीड़ लग गई। कुछ लोगों को बारी-बारी से जाने दिया गया। यही भीड़ आगे जाकर निर्माल्य गेट पर रोक दी गई। यहां से भी कुछ खास लोगों को मंदिर में एंट्री दी गई। इस पर श्रद्धालुओं ने आपत्ति ली। मंदिर में प्रवेश करने को लेकर बुजुर्ग महिला,उनके परिवार के लोग और सुरक्षाकर्मियों में बहस शुरू हो गई। वीडियो में देखा जा सकता है कि महिला और व्यक्ति सुरक्षाकर्मियों के साथ निर्माल्य गेट पर विवाद कर रहे हैं। इतने में उनके साथ आया एक श्रद्धालु सुरक्षाकर्मियों से भिड़ जाता है। इसके बाद सुरक्षाकर्मी भी इन श्रद्धालुओं पर टूट पड़ते हैं। करीब आधे घंटे तक चले हंगामा के दौरान निजी सुरक्षा एजेंसी के गार्ड भी वीडियो में दिखाई दे रहे हैं। मंदिर प्रशासक मृणाल मीणा ने गेट प्रभारी विजय बहादुर और दो सुरक्षा कर्मियों को तुरंत प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है और मामले की जांच के आदेश दिए हैं।

# 30% से कम रिजल्ट वाले अतिथि शिक्षक खतरे में

### इस सत्र में नियुक्ति नहीं मिलेगी, नेता प्रतिपक्ष ने पूछा-नियमित शिक्षकों पर ऐसी सख्ती का नियम नहीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल**। मप्र के सरकारी स्कूलों में नियमित शिक्षकों की कमी को देखते हुए अस्थाई तौर पर नियुक्त किए गए अतिथि शिक्षकों की नौकरी खतरे में पड़ सकती है। सरकारी स्कूलों में 30 फीसदी से कम रिजल्ट वाले अतिथि शिक्षकों को अब नियुक्ति नहीं मिलेगी। मप्र के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने दमोह के जिला शिक्षा अधिकारी के आदेश को पर शेयर करते हुए पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान द्वारा अतिथि शिक्षकों को दिए गए आश्वासनों पर सवाल उठाए हैं।

**नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने अपने ट्वीट में लिखा-** मध्यप्रदेश सरकार ने अब अतिथि शिक्षकों को पूरी तरह बेदखल करने की तैयारी कर ली। अब हर जिले का शिक्षा अधिकारी आदेश निकाल कर उन्हें हमेशा के लिए बाहर करने वाले हैं। दमोह के जिला शिक्षा अधिकारी ने आदेश निकाला कि 30% से कम रिजल्ट वाले अतिथि शिक्षक को काम पर नहीं रखा जाएगा। जबकि, नियमित शिक्षकों पर ऐसी कोई सख्ती का प्रावधान नहीं है। क्या हुआ शिवराज सिंह चौहान के उन आश्वासनों का जो अतिथि शिक्षकों को दिए गए थे।

**बोर्ड परीक्षाओं में 30 फीसदी से कम रिजल्ट तो नहीं मिलेगी नियुक्ति-** स्कूल शिक्षा विभाग के आदेश के अनुसार अब एमपी बोर्ड की 10वीं और 12वीं की सालाना परीक्षा में 30 परसेंट या उससे कम परिणाम वालेअतिथि शिक्षकों को अगले सत्र में पढ़ाने के लिए नहीं बुलाया जाएगा। इस आदेश से राज्य के 15,000 अतिथि शिक्षकों पर सीधा असर पड़ेगा।

**आदेश से नाराज है अतिथि शिक्षक-** मध्यप्रदेश की सरकार के इस आदेश से अतिथि शिक्षक नाराज नजर आ रहें हैं। आपको बता दें इस आदेश का सीधा असर प्रदेश के 72,500 में से 15,000 अतिथि शिक्षकों पर पड़ेगा। अतिथि शिक्षकों का कहना है कि छात्र-छात्राओं का रिजल्ट खराब आने की जिम्मेदारी हमारी नहीं है, बल्कि सरकार की गलत नीतियों और प्राचार्यों की है।

मप्र के कई जिलों में डीईओ ने रायसेन जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी आदेश के अंतर्गत स्कूलों में 30% परीक्षा परिणाम देने वाले अतिथि शिक्षक की दोबारा नियुक्ति नहीं की जाएगी।

# आईटीआई में शत-प्रतिशत एडमिशन हो इसके लिए शासकीय एवं प्रायवेट स्कूल में प्रचार-प्रसार किया जाए

## कलेक्टर आशीष सिंह की अध्यक्षता में कौशल विकास समिति की बैठक सम्पन्न

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) इंदौर सत्र 2024-25 में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गयी है। छात्र एवं छात्राओं के एडिमशन शत्-प्रतिशत किये जाने के लिये इंदौर शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के शासकीय एवं प्रायवेट स्कूल में प्रचार-प्रसार किया जाए। कलेक्टर आशीष सिंह द्वारा यह निर्देश कौशल विकास समिति की बैठक में दिये गये। बैठक में आई.टी.आई. प्राचार्य जी.एस. शाजापुरकर सहित विभाग से संबंधित अधिकारीगण और समिति के सदस्य मौजूद थे।**



बैठक में कलेक्टर अशीष सिंह ने कहा कि कक्षा दसवीं के बाद जो छात्र-छात्राएं स्किल डेवल्पमेंट में जाना चाहते हैं या कुछ अपना स्वरोजगार स्थापित करना चाहते हैं उनके लिये आईटीआई बहुत ही प्रभावशाली माध्यम हैं। इन सभी की जानकारी छात्र-छात्राओं को प्रचार-प्रसार के माध्यम से दी जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि इंदौर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जितने भी स्कूल है चाहे वह शासकीय हो या अशासकीय उसमें इसकी विस्तृत रूप से जानकारी दी जाए और सकूलों में ही रजिस्ट्रेशन की सुविधा मुहैया करवायी जाए। बैठक में मुख्यमंत्री सीखो- कमाओ योजना, राष्ट्रीय शिक्षुता प्रोत्साहन योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना तथा अन्य स्किल डेवलपमेंट योजनाओं की भी समीक्षा की गयी।

बैठक में प्राचार्य शाजापुरकर द्वारा शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में भर्ती प्रक्रिया, व्यवसाय एवं सिटिंग क्षमता आदि की विस्तृत जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि शासकीय संभागीय आई.टी.आई. इन्दौर में सत्र 2024-25 में प्रवेश के लिये इच्छुक छात्र एवं छात्राएं निकटतम एमपीऑनलाईन पर जाकर https://dsd.mp.gov.in/ पोर्टल के माध्यम से रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। प्रथम चरण के रजिस्ट्रेशन एवं संस्थाओं व व्यवसायों की प्राथमिकता का क्रम चयन (चॉइस फिलिंग) के लिए अंतिम तिथि 10 जून 2024 निर्धारित की गई है। संस्था में संचालित व्यवसाय विद्युतकार तथा इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक सहित लगभग 27 व्यवसायी पाठ्यक्रम में प्रवेश दिया जायेगा। जिसमें ड्यूल सिस्टम ऑफ ट्रेनिंग (डीएसटी) व्यवसाय भी सम्मिलित है। जिसके अंतर्गत प्रवेशित प्रशिक्षणार्थियों को लगभग 3 से 12 माह के लिये ऑन जॉब ट्रेनिंग के लिये कंपनी भेजा जाता है। जिसमें प्रशिक्षणार्थियों को अधिकतम 10 हजार रुपये तक स्टाईफंड की पात्रता होती है। प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित अन्य किसी जानकारी के लिये संभागीय शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) नन्दानगर, इन्दौर में संपर्क किया जा सकता है।

# कलेक्टर आशीष सिंह को 26 लाख 78 हजार 212 रुपये का चेक सौंपा गया



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** कलेक्टर श्री आशीष सिंह को आज यहां इंदौर प्रीमियर को ऑपरेटिव बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आलोक जैन ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए शासन को देय लाभांश 26 लाख 78 हजार 212 रुपये का चेक सौपा। इस अवसर पर उपायुक्त सहकारिता श्री मदन गजभिए भी उपस्थित थे।

# मतगणना की व्यापक तैयारियां जारी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** जिले में लोकसभा चुनाव के लिए 4 जून को होने वाली मतगणना के लिए व्यापक तैयारियां जारी हैं। मतगणना नेहरू स्टेडियम में होगी। मतगणना कार्य में लगने वाले लगभग 700 अधिकारी-कर्मचारी को दो चरणों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण का दूसरा और अंतिम सत्र 31 मई को दोपहर 3 बजे से होलकर साइंस कॉलेज में आयोजित किया गया है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह ने निर्देश दिए हैं कि सभी अधिकारी और कर्मचारी इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनुपस्थित रहने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। बताया गया कि प्रशिक्षण के दौरान मतगणना के लिए नियुक्त मतगणना सुपरवाइजर, मतगणना सहायक और मतगणना माइक्रो ऑब्जर्वर उपस्थित रहेंगे।

# इंदौर में 25 करोड़ पेड़ लगाने की जरूरत : कैलाश विजयवर्गीय

## शहर में हरित क्रांति अभियान चलाया जाना बेहद जरूरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। देश के सबसे स्वच्छ शहर में पड़ रही रिकॉर्ड तोड़ गर्मी को लेकर चिंता जताते हुए सूबे के नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बृहस्पतिवार को कहा कि इंदौर में हरियाली बढ़ाने के लिए निकट भविष्य में महज चार घंटे के भीतर 51 लाख पौधे लगाए जाएंगे। विजयवर्गीय ने अपने गृहनगर इंदौर में मीडिया से बात करते हुए कहा कि आने वाली पीढ़ियों के खातिर शुद्ध प्राण वायु की उपलब्धता और प्रदूषण से मुक्ति के लिए शहर में हरित क्रांति अभियान**





**चलाया जाना बेहद जरूरी है।**

इसलिए हमने स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर फैसला किया है कि हम निकट भविष्य में शहर में चार घंटे के भीतर 51 लाख पौधे लगाएंगे।'' विजयवर्गीय ने कहा कि पौधरोपण के इस कारनामे को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज कराने की कोशिश भी की जाएगी। नगरीय विकास मंत्री ने कहा कि इंदौर में आबादी के मौजूदा दबाव के हिसाब से शहर में लगभग 25 करोड़ पेड़ होने चाहिए, लेकिन इनकी तादाद चार-पांच करोड़ पर सिमट गई है। विजयवर्गीय ने कहा कि अगले चार-पांच साल के दौरान शहर में 25 करोड़ पौधे लगाए जाने की जरूरत है। मौसम विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि शहर में 23 मई को दिन का अधिकतम तापमान 44.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो मई माह में आठ साल बाद का रिकॉर्ड स्तर था।

# इंदौर तथा आसपास के क्षेत्रों को मिलाकर महानगर के रूप में विकसित करने के दृष्टिकोण से तैयार होगा मास्टर प्लान

## शहर विकास से जुड़े संगठन, संस्थाओं और स्टेक होल्डर्स से लिये गये सुझाव

### कलेक्टर श्री आशीष सिंह की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर विकास योजना-2041 को बेहतर, जनसुविधाओं से युक्त और जनोपयोगी बनाने के बारे में आज यहाँ कलेक्टर श्री आशीष सिंह की पहल पर शहर के विकास से जुड़े संघटनों, संस्थाओं, स्टेक होल्डर्स आदि की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में इंदौर विकास योजना के बारे में विस्तृत विचार विमर्श कर सुझाव लिये गये।**

बैठक में संयुक्त संचालक नगर एवं ग्राम निवेश श्री शुभाशीष बेनर्जी सहित शहर विकास से जुड़े संगठन इंदौर उत्थान अभियान समिति, अभ्यास मण्डल, इंदौर अभिभाषक संघ, सेवा सुरभी, विश्व संवाद केन्द्र, लघु उद्योग भारती सहित अन्य संस्था एवं संगठन के प्रतिनिधि मौजूद थे। इसी तरह कृषि उपज व्यापारी संघ लौहा मण्डी ट्रांसपोर्ट एवं व्यापारी संगठन, दाल मिल एसोसिएशन, अनाज मण्डी व्यापारी संगठन, बस एसोसिएशन,



इंदौर ट्रक एसोसिएशन, अनाज, दलहन, तिलहन व्यापारी महासंघ आदि के प्रतिनिधि भी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने कहा कि इंदौर विकास योजना को व्यापक विचार विमर्श के पश्चात अंतिम रूप दिया जायेगा। इससे जुड़े संगठन और संस्थाओं, जनप्रतिनिधयों तथा विशेषज्ञों से सुझाव लिये जा रहे हैं। देश के प्रख्यात टाउन प्लानर से भी सुझाव लिये जा रहे है। उन्होंने कहा कि इंदौर का मास्टर प्लान बेहतर, जनसुविधाओं से युक्त और जनउपयोगी हो, यह हमारा प्रयास है। उन्होंने कहा कि इंदौर तेजी से बढ़ता हुआ शहर है, इंदौर के आसपास के शहरों में भी तेजी से विकास हो रहा है। इंदौर की विकास योजना इंदौर को महानगर के रूप में विकसित करने के दृष्टिकोण से तैयार होगी। इंदौर बेहतर शहर बने, यह हमारा प्रयास है। विकास योजना को तैयार करने में सभी के सुझाव लिये जा रहे है। बैठक में उपस्थितजनों से अपने-अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिये। बैठक में बताया गया कि इंदौर विकास योजना-2041 महानगरीय परिप्रेक्ष्य के साथ शहरी नियोजन और विकास को दृष्टिगत रखते हुए तैयार की जा रही है। इसमें स्वच्छ, हरित और स्वस्थ शहर की नींव पर रहने योग्य सूचकांक को बढ़ाना महत्वपूर्ण उद्देश्य है। विकास योजना से रोज़गार के अवसरों में वृद्धि के साथ समग्र आर्थिक विकास सुनिश्चित करने के लिए शहर को विश्व स्तरीय कार्यस्थल और व्यापार केंद्र के रूप में विकसित करने में मदद मिलेगी। शहर के विभिन्न क्षेत्रों को एक कुशल शहरी परिवहन प्रणाली से जोड़ना भी प्रस्तावित है। पर्यावरण उन्नयन एवं प्राकृतिक संसाधन, पर्यावरण सुधार एवं जैव विविधता पर भी विकास योजना में ध्यान दिया जा रहा है। ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण एवं संवर्धन की ओर भी मास्टर प्लान में विशेष ध्यान है। बैठक में मुख्य रूप से मण्डियों, ट्रांसपोर्ट नगर, बस स्टेंड, आईएसबीटी, दाल मिल आदि को भी नई जगह विकसित करने के संबंध में चर्चा की गई।

# सडक सुरक्षा समिति की बैठक के बाद कलेक्टर ने जारी किये व्यापक निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। सडक सुरक्षा समिति की बैठक 24 मई 2024 को कलेक्टर श्री आशीष सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभा कक्ष में आयोजित की गई। उक्त बैठक में चर्चा के उपरांत कलेक्टर द्वारा व्यापक निर्देश जारी किये गये है।**

कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने एलिवेटेड कोरिडोर से होकर बिना बाधा के मार्ग उपलब्ध कराये जाने हेतु कार्ययोजना पर निर्देशित किया है कि समस्त संबंधित विभाग व तकनीकी इंजीनियरों, मेट्रो/एआईटीसीएल/इन्दौर विकास प्राधिकरण/नगर निगम/एमपीईबी के अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक आयोजित करें। इस बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा किये गये सर्वे रिपोर्ट व तकनीकी पहलूओं पर विचार विमर्श उपरांत पुनः प्रस्ताव सड़क सुरक्षा समिति के समक्ष प्रस्तुत करें।

भमौरी प्लाजा एवं भमौरी चौराहा रसोमा से मालवा मिल की ओर जाने वाले वाहन भमौरी से होकर आवागमन करते है प्रातः 10.00 से 12.00 बजे एवं शाम 5.00 से 8.00 बजे तक पीक ऑवर्स में वाहनों की संख्या अत्याधिक रहती है। चौराहे के दोनों ओर के मार्ग पर बस/ट्रक बॉडी मेकर शाप एवं मैकेनिक्स की दुकाने द्वारा अतिक्रमण होने से मार्ग का यातायात बाधित होता है इस संबंध में निर्देशित किया गया है कि भमौरी से रसोमा की ओर आने वाले मार्ग पर डिवाईडर बनाया जावे एवं चौराहे के दोनों ओर के मार्ग पर बस/ट्रक बॉडी मेकर शाप एवं मैकेनिक्स की दुकाने द्वारा अतिक्रमण होने की स्थिति में वाहन/वाहन बाडी जप्त की जायें जिसे मार्ग बाधित होता है। यह कार्यवाही नगर निगम इन्दौर एवं मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड द्वारा की जायेगी।

विजय नगर चौराहा पर लेफ्ट टर्न बनाने एवं सभी दिशाओं के ट्रैफिक सिग्नल को तत्काल पुर्ननियोजित किया जावें ताकि यातायात सुव्यवस्थित रूप से संचालित होता रहें।

विजय नगर चौराहा पर लेफ्ट टर्न बनाने एवं सभी दिशाओं के ट्रेफिक सिग्नल की पुर्ननियोजित किये जाने के निर्देश नगर निगम इन्दौर को दिये गये है। सत्यसाई चौराहे विजय नगर से स्कीम नं. 54 की ओर जाने वाले मार्ग पर बिजली के पोल को षिफ्ट कर लेफ्ट टर्न निकाले जाने संबंधी सुझाव पर सहमति दी गई। सयाजी चौराहा की पूर्व से बनी बडी रोटरी मेट्रो निर्माण के कारण हटा दी गई है किन्तु अस्थाई रोटरी टिन से ढंककर बनी हुई है वहां मेट्रो के पिल्लर को मध्य में सुरक्षित करने के लिए छोटी रोटरी बनाकर यातायात सुगम किया जा सकता है। इस संबंध में निर्देशित किया गया है कि एफओबी अथवा अंडरपास बनाने हेतु मार्डन फेसेलिटी वाला एसिलेटर आदि बनाये जाने पर विस्तृत चर्चा एवं तकनीकि पहलुओं पर विचार कर कलेक्टर को अवगत कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

नायता मुण्डला बस स्टेन्ड का चालू किये जाने हेतु क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को अन्य विभागों एवं आपरेटर्स से समन्वय कर शीध्र चालू किये जाने के निर्देश दिये गये है।

कनाडिया अंडर ब्रिज राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर 3 लेयर फ्लाय ओवर के निर्माण के कारण हाईवे के दोनों ओर के सर्विस रोड की पूर्णतः खुदाई होने से शहर के अन्दर ट्रांसपोर्ट नगर से मुम्बई की ओर जाने वाले भारी मालयान लाभगंगा अंडरब्रिज होकर आवागमन करते है। सर्विस रोड को वर्षा पूर्व सुधरना एवं डामरीकरण किये जाने हेतु एन.एच. ए.आई. को निर्देशित किया गया है।

बिचौली अंडर ब्रिज पर सर्विस रोड को तत्काल ठीक किये जाने के निर्देश एन.एच. ए.आई. को दिये गये है।

इण्डस्ट्री हाउस तिराहा से धोबीघाट की ओर जाने वाले अत्याधिक सकरा होने की बजह से सेंट्रल डिवाईडर एवं धोबीघाट से एल.आई.जी की ओर लेफ्ट टर्न वाले स्थान पर खडे होकर मार्ग अवरूध्द करते है वहां नो पार्किंग संबंधी साईनेज लगवाये जायें। पलासिया चौराहे पर लेफ्ट टर्न को चौडा बनाने के निर्देश दिये गये है।

गीता भवन चौराहे पर व्हाईट चर्चा से इन्द्रप्रस्थ टावर की ओर जाने वाली यात्री बसें यातायात को बाधित करते है गीताभवन मन्दिर की ओर से आकर इन्द्रप्रस्थ टावर मार्ग पर डिवाईडर लगाया जाये।

व्हाईट चर्च चौराहे पर मुख्यत सरवटे बस स्टेण्ड एवं ट्रेवलसों से संचालित बसों का आवागमन रहता है। पीक अवर्स में एआईसीटीएल की बसों व्हाईट चर्च से न जाकर इस हेतु वैकल्पि मार्ग सुयश हास्पिटल के साईड से सेंट पाल स्कूल रोड से किये जाने हेतु ट्रायल/सर्वे उपरांत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देष दिये गये है।

जी.पी.ओ चौराहा पर लेफ्ट टर्न हेतु अतिक्रमण हटाया जा कर डिवाईडर बनाया जाने के निर्देश दिये गये है। चौराहे पर लगे हुए बिजली के पोल को हटाये जाने के भी निर्देश भी दिये गये है।

भवरकुंआ से अग्रसेन से लेफ्ट टर्न का डिवाईडर छोटा होने के कारण सीधे जाने वाले वाहन लेफ्ट टर्न पर खडे हो कर यातायात बाधित करते है। अतः लेफ्ट टर्न की लम्बाई बढाई जाने एवं पीक अवर में भारी वाहनों का प्रवेष शाम 4.00 बजे से 10.00 बजे तक प्रतिबंधित किये जाने के निर्देष दिये गये एवं चौराहे पर होने वाले अतिक्रमण एवं बिजली के पोल भी हटाये जाने के निर्देष दिये गये जिससे लेफ्ट टर्न को चौडा किया जा सके।

# टाइमर लगाकर 100 दिन में बनाएंगे मॉडल सड़कें

## रीगल से मधुमिलन, शिवाजी वाटिका और अग्रसेन मूर्ति वाली सड़कों का चयन



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। नगर निगम के द्वारा शहर में तीन मॉडल सड़कों का टाइमर लगाकर निर्माण किया जाएगा यह टाइमर सौ दिनों का होगा।इसे तय सीमा में पूरा किया जाएगा। ये तीन सड़कें रीगल से मधुमिलन, मधुमिलन से शिवाजी वाटिका और अग्रसेन चौराहास से तीन इमली चौराहा हैं।**

इसे लेकर गुरुवार को मेयर पुष्यमित्र भार्गव ने विधायक गोलू शुक्ला, क्षेत्रीय पार्षद और अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। मेयर ने कहा कि इंदौर की कुछ ऐसी सड़कें थी जिनके दोनों ओर पेड़ थे। सौंदर्यीकरण में हम बड़े-बड़े पेड़ लगाने के साथअच्छे फुथपाथ बना कर इंदौर की सुंदरता बढ़ा सकते हैं। इसी कड़ी में रीगल चौराहे से मधुमिलन, मधुमिलन से शिवाजी वाटिका और अग्रसेन प्रतिमा से तीन इमली तक ते तीन मॉडल रोड 100 दिन में टाइमर लगाकर तैयार करेंगे। इन तीनों सड़कों पर सोलर आधारित बैठने की व्यवस्था, सोलर ट्री बड़े पेड़ साथ ही डिजिटल कियोस्क होंगे। इससे विद्यार्थियों को भी लाभ मिल सकेगा। इस कल्पना के साथ तीन सड़कों को मॉडल रोड बनाने का काम किया जाएगा। मेयर ने निर्माणाधीन हाथीपाला पुल का निरीक्षण किया गया। उन्होंने कहा कि यह पुल हर लिहाज से महत्वपूर्ण है। इसमें देर जरूर हुई है लेकिन काम अंतिम चरण में है। हमारा पूरा प्रयास है कि 1 जुलाई को पुल को शुरू कर देंगे। यह बड़ी सौगात होगी। फिलहाल इसकी एक भुजा पर काम चल रहा है। एक महीने में इसकी दोनों भुजाएं शुरू हो जाएगी।

### सख्त हुए CM मोहन यादव

# अब इससे तेज गाना नहीं बजा पाएगा DJ वाला बाबू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** 'डीजे वाले बाबू मेरा गाना बजा दे'... कर्कश और कानफोड़ू आवाज में आपने ऐसे कई गाने सुने होंगे। ऐसे डीजे भी देखे होंगे जो आपके बाजू से निकल जाए तो पूरा बदन हिल जाए। घर की कांच कंपन करने लगे। इसी ध्वनि प्रदूषण के खिलाफ मध्य प्रदेश सरकार ने मोर्चा खोल दिया है। भोपाल में लगातार लाउड स्पीकर को निकालने की कार्रवाई जारी है। प्रशासन की टीमें शहर के अलग-अलग इलाकों में कार्रवाई करते हुए धार्मिक स्थलों से लाउड स्पीकर उतार रही है।

अब यह कार्रवाई लाउड स्पीकर से आगे बढ़ते हुए डीजे तक पहुंच गई है। भोपाल जिला प्रशासन ने करीब 80 डीजे संचालकों को भी नोटिस जारी कर दिया है। नोटिस में अधिकारियों ने तय मापदंडों के मुताबिक ही साउंड सिस्टम उपयोग करने की बात कही है। आपको बता दें कि मध्य प्रदेश में सीएम मोहन यादव ने 13 दिसंबर को शपथ ग्रहण के बाद ही 14 दिसंबर को 2023 को लाउडस्पीकर अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों को लेकर निर्देश दिये थे। उसके बाद गृह विभाग ने धार्मिक स्थलों व अन्य स्थानों में ध्वनि प्रदूषण



को लेकर विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए थे।आदेश में सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन के आधार पर ध्वनि प्रदूषण नियंत्रित करने की बात कही गई थी। इसके बाद मस्जिद, मंदिर सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर लगे कानफोड़ू लाउडस्पीकर और डीजे पर कार्रवाई शुरू की गई थी।

### कितनी तेज आवाज है जरूरी

मानव के कान बहुत अधिक संवेदनशील होते है। ज्यादा तेज आवाज हमारे कानों को नुकसान पहुंचाती है। इतना ही नहीं अधिक तेज आवाज सुनने से इंसान को ऊंचा सुनाई देने के साथ ही बहरे हो सकते है। ध्वनि की बात करें तो लगातार 85 डेसीबल तक की आवाज में लगातार रहने से कानों को नुकसान पहुंचता है। वहीं, 65 डेसीबल से अधिक की ध्वनि इंसानों के लिए अच्छी नहीं मानी जाती। भारतीय दंड संहिता की धारा 268 के प्रावधानों के तहत भी ध्वनि प्रदूषण शामिल है। ध्वनि प्रदूषण (विनियम एवं नियंत्रण) नियम, 2000 के नए संशोधन के मुताबिक ध्वनि की गूंज पर परिसीमा तय की गई है। इसे चार वर्गों में बांटा गया है - इंडस्ट्रियल, कमर्शियल, रेसिडेंशियल और साइलेंस।

मध्य प्रदेश के लिए भी यह मानक

औद्योगिक क्षेत्रः सुबह 6:00 बजे से रात 10:00 बजे तक अधिकतम 75 डेसिबल की ध्वनि।

व्यावसायिक क्षेत्रः अधिकतम 65 डेसीबल की ध्वनि।

रेसीडेंसल एरियाः 55 डेसीबल और शांत क्षेत्र में 50 डेसिबल तक अधिकतम सीमा।

### यहां कुछ भी तेज आवाज स्वीकार नहीं

31 अस्पतालों के आस-पास शांत क्षेत्र तय किया है। साइलेंट जोन क्षेत्र में राजभवन भोपाल, मुख्यमंत्री निवास, विधानसभा भवन, नर्मदा भवन, संभाग आयुक्त और कलेक्टर कार्यालय, जिला न्यायालय, सभी टीचिंग इंस्टीट्यूट, अस्पताल और बैंक कार्यालय के 100 मीटर के दायरे में तेज आवाज में स्पीकर नहीं बजाया जा सकेगा।

## तलाकशुदा युवक 13 साल की लड़की को भगा ले गया



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा। जिले में 13 साल की बच्ची की गुमशुदगी के मामले में पुलिस को सफलता मिली है। बच्ची को महाराष्ट्र के मलकापुर से दस्तयाब किया है। उसे एक तलाकशुदा युवक अपने साथ ले गया था। उसने बच्ची से शादी कर ली, बीते 17 दिन से पत्नी बनाकर रख रहा था। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया और बच्ची के बयान के मुताबिक उसके खिलाफ अपहरण, दुष्कर्म सहित पॉक्सो एक्ट में मामला पंजीबद्ध किया। गुरूवार शाम को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया है।**

मामला थाना मोघट रोड़ क्षेत्र का है। 12 मई को बड़गांव भीला की एक नाबालिक लड़की घर से लापता थी। परिजन को शक हुआ कि उसे सिहाड़ा गांव का राहुल पिता देवीसिंह भगाकर ले गया है। उन्होंने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने आरोपी की मोबाइल लोकेशन खंगाली लेकिन मोबाइल खंडवा लोकेशन में ही बंद मिला। लड़की के परिजन ने बताया कि उनकी बेटी को ले जाना वाला युवक पहले महाराष्ट्र में काम कर चुका हैं। इसी बीच आरोपी का मोबाइल ऑन हुआ और लोकेशन महाराष्ट्र के मलकापुर की मिली। पुलिस थाने से सब इंस्पेक्टर जितेंद्रसिंह व रामेश्वर चौकी प्रभारी राजेंद्र सय्यदे महाराष्ट्र के लिए रवाना हुए। जहां से आरोपी युवक को पकड़कर थाने लाए। नाबालिक बच्ची को भी साथ लेकर आए। पुलिस थाने पर बच्ची ने आरोपी के विरूद्ध बयान दिए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपहरण, दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की धारा में केस दर्ज किया। आरोपी को जेल भेज दिया है, वहीं पीड़िता को परिजन के सुपुर्द किया।

## मुस्लिम समाज के लड़के से हिंदू लड़की की शादी वैध नहीं



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने मुस्लिम पुरुष और हिंदू महिला के विवाह से जुड़े मामले में एक बेहद अहम फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट ने कहा है कि मुस्लिम पुरुष और हिंदू महिला के बीच हुआ विवाह मुस्लिम पर्सनल लॉ के तहत वैध नहीं है। न्यायालय ने विशेष विवाह अधिनियम, 1954 के तहत अंतर-धार्मिक विवाह को पंजीकृत करने के लिए पुलिस सुरक्षा की मांग वाली याचिका को भी खारिज कर दिया।**

बार एंड बेंच की रिपोर्ट के अनुसार, न्यायमूर्ति गुरपाल सिंह आहलूवालिया ने कहा कि मुस्लिम पुरुष और हिंदू महिला के बीच विवाह मुस्लिम कानून के तहत 'अनियमित' विवाह माना जाएगा, भले ही उनका विवाह विशेष विवाह अधिनियम के तहत क्यों न हुआ हो। उच्च न्यायालय ने 27 मई को अपने आदेश में कहा, 'मुस्लिम कानून के अनुसार, किसी मुस्लिम लड़के का विवाह किसी ऐसी लड़की के साथ होता है जो मूर्तिपूजक या अग्निपूजक है, तो उस विवाह को वैध नहीं माना जाएगा। भले ही विवाह विशेष विवाह अधिनियम के तहत पंजीकृत हो, फिर भी वह विवाह वैध विवाह नहीं रहेगा और यह एक अनियमित (फासिद) विवाह होगा।' अदालत ने यह टिप्पणी एक कपल की याचिका पर सुनवाई करते हुए की। याचिका मुस्लिम पुरुष और हिंदू महिला द्वारा दायर की गई थी। महिला के परिवार ने अंतर-धार्मिक संबंध का विरोध किया था और आशंका जताई थी कि अगर शादी आगे बढ़ी तो समाज उन्हें त्याग देगा। परिवार ने दावा किया कि महिला अपने मुस्लिम साथी से शादी करने के लिए जाने से पहले उनके घर से गहने लेकर गई थी। उनके वकील के अनुसार, कपल विशेष विवाह अधिनियम के तहत विवाह करना चाहता था। महिला विवाह के लिए किसी अन्य धर्म को अपनाना नहीं चाहती थी। दूसरी ओर, पुरुष भी अपना धर्म नहीं बदलना चाहता था। उनके वकील ने कहा कि महिला हिन्दू धर्म का पालन करना जारी रखेगी, जबकि पुरुष विवाह के बाद भी इस्लाम का पालन करना जारी रखेगा।

## जबलपुर के प्राइवेट स्कूलों को बड़ा झटका

**जबलपुर।** जिले के प्राइवेट स्कूलों के संचालकों को हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। हाईकोर्ट ने अवैध रूप से फीस वसूली की जांच, कार्रवाई और गिरफ्तारी पर रोक लगाने की मांग को खारिज कर दिया है। हाईकोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए निजी स्कूल संचालकों की याचिका को रद्द कर दिया है। हाईकोर्ट ने मामले में राज्य सरकार से चार हफ्ते में जवाब मांगा है। अवैध फीस वसूली पर जबलपुर पुलिस प्रशासन ने 11 स्कूलों से जुड़े 21 आरोपी को गिरफ्तार किया है।

**9 स्कूलों पर दो-दो लाख का जुर्माना**-जबलपुर के बाद हरदा कलेक्टर आदित्य सिंह ने मनमानी फीस लेने वाले 9 प्राइवेट स्कूलों पर दो-दो लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। जिले में अब तक कुल 15 निजी स्कूलों पर हो जुर्माना लगाया जा चुका है। सभी स्कूल संचालकों को 15 दिन में अतिरिक्त फीस वापस करने के निर्देश गए हैं।

## नदी में डूबने से महिला-बच्चे की मौत

**हरदा।** जिले में नदी में डूबने से एक महिला और बच्चे की मौत हो गई। घटना हंडिया थाना क्षेत्र के कचबेड़ी गांव में गुरुवार दोपहर की है। महिला का नाम काजल (24) पति राजकुमार और बच्चे का नाम किशन गोपाल (11) पिता चरण सिंह बताया जा रहा है। दोनों के शव अजलान नदी में मिले। दोनों दिल्ली के रहने वाले हैं। वे रविवार को हरदा में अपने परिजन के यहां आए थे।

## पेशाब पिलाने वाले जीजा का जुलूस निकाला

**गुना।** जिले से युवक को अगवा कर राजस्थान ले जाकर पेशाब पिलाने वाले जीजा का पुलिस ने शहर में जुलूस निकाला। गुरुवार को गुना पुलिस चार आरोपियों को तेलघानी चौराहे से हनुमान चौराहे तक पैदल ले गई, इसके बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया। मामले में गुना के फतेहगढ़ थाने में राजस्थान के 7 आरोपियों पर एफआईआर दर्ज हैं। 4 गिरफ्तार हो चुके हैं। मावन (गुना) के महेंद्र सिंह बंजारा को आरोपी 22 मई को अगवा कर राजस्थान के जंगल ले गए थे। वहां जीजा और उसके भाइयों ने पेशाब पिलाकर पीटा, मुंडन किया, लड़की के कपड़े और चप्पलों की माला पहनाई थी। घागरा पहनाकर गांव में घुमाया था। पुलिस ने आरोपी जीजा रमेश बंजारा, उसके भाई जगदीश बंजारा, गुमान सिंह, तूफान सिंह को अलडान (राजस्थान) से गिरफ्तार किया।

## टीआई को ट्रैक्टर-ट्रॉली से कुचलने की कोशिश

**मुरैना।** नगर में टीआई को ट्रैक्टर से कुचलने की कोशिश की गई। जिसमें वे बुरी तरह घायल हो गए। जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें ग्वालियर रेफर कर दिया गया है। घटना गुरुवार दोपहर करीब एक बजे की है। सीएसपी राकेश गुप्ता ने बताया-मुरैना सिविल लाइन थाना प्रभारी रामबाबू यादव और खनिज विभाग की टीम पत्थरों के अवैध खनन और परिवहन की सूचना पर कार्रवाई करने पहुंची थी। इस दौरान टीआई रामबाबू पत्थर से भरे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोकने की कोशिश कर रहे थे। टीआई ट्रैक्टर पर चढ़ गए। ट्रैक्टर चालक ने इसकी परवाह किए बगैर स्पीड बढ़ा दी। इस दौरान ट्रॉली एक पड़े से टकरा गई। जिससे टीआई नीचे गिर गए और बुरी तरह से घायल हो गए। सीएसपी के मुताबिक ट्रैक्टर चालक ने टीआई पर ट्रैक्टर चढ़ाने की कोशिश की। पुलिस ने अवैध पत्थर से भरी ट्रैक्टर ट्राली को जब्त कर लिया गया है। वहीं जड़ेरुआ गांव के रहने वाले आरोपी राकेश गुर्जर व अभिषेक गुर्जर पर शासकीय कर्मचारी पर हमला करने, हत्या का प्रयास, सहित अवैध परिवहन करने सहित करीब आधा दर्जन अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## संपादकीय

# चुनाव परिणाम ही तय करेंगे विकसित एवं समृद्ध भारत की तस्वीर

लोकसभा के सातवें चरण के चुनाव होने शेष रहे हैं, सबकी नजरें चुनाव परिणामों पर लगी है। ये चुनाव परिणाम ही तय करेंगे कि नये भारत, विकसित भारत एवं समृद्ध भारत की तस्वीर क्या करवट लेगी। भ्रष्टाचार एवं उससे उपजे हादसों ने चुनाव के दौरान ही ऐसे वीभत्स दृश्य उपस्थित किये, जो चुनावी मुद्दा न बनना एवं राजनेताओं के बीच इनकी चर्चा न होना, दुर्भाग्यपूर्ण तो है ही, लेकिन उससे ज्यादा चिन्ताजनक यह है कि हमारी राजनीति अभी भी विकसित भारत के सपने को आकार देने के लिये तैयार नहीं दिख रही है। पुणे पोर्शे कार एक्सीडेंट ने भ्रष्टाचार की इतने परतें खोली दी है कि उसमें न्यायालय, पुलिस, राजनेता, डाक्टर सभी अपना जमीर बेचते हुए दिखाई दिये हैं। इसी तरह राजकोट एवं दिल्ली की अग्निकांडों ने प्रशासन एवं व्यवसाय में पसरे भ्रष्टाचार की काली परतों को उजागर किया है। इस तरह अस्पताल हो चाहे होटल, गेम जोन या मॉल, सुरक्षा इंतजामों, प्रशासनिक जिम्मेदारी एवं ईमानदारी की खुलकर धज्जियां उड़ती रहेगी या पुणे की तरह अब बिकते रहेंगे तो विकसित भारत का सपना कैसे आकार लेगा? छह सौ करोड़ी पिता ने अपने बेटे के अपराध पर पर्दा डालने एवं उसे बचाने के लिये किसको नहीं खरीदा। कैसे जनता की रक्षा होगी एवं उसे न्याय मिलेगा, जब सब बिकने के लिये तैयार बैठे हैं। बेबी केयर अस्पताल हो या राजकोट का गेम जोन का हादसा- किसी की जान की कीमत कागज के चंद टुकड़े कैसे हो सकती है? न्यायालय भी ऐसे मामलों में संज्ञान लेकर शुरुआत तो करता है, लेकिन यह शुरुआत अंजाम तक नहीं पहुंच पाती। हादसे की आंच ठंडी पड़ी नहीं कि मिलीभगत का खेल फिर शुरू हो जाता है। संबंधित अधिकारी भी आंख मूंदकर सो जाते हैं और फिर किसी हादसे के बाद ही उनकी कुंभकरणी नींद खुलती है। इन ज्वलंत एवं भ्रष्ट हालातों में कैसे भारत की तकदीर एवं तस्वीर बदलेगी?भ्रष्टाचार और घोटालों के इस घटाटोप मौसम में ऐसा कुछ भी कह पाना मुश्किल हो गया है, जो भारत या इसके लोगों की जिंदगी पर उजली रोशनी डालता हो। भारत अपनी दुश्वारियों में लस्त-पस्त उस मध्ययुगीन योद्धा की तरह दिखता है, जो चुनावी जंग के मैदान में आहें भर रहा है। कोई नहीं जानता, किसके दामन में कितने दाग हैं? कोई नहीं जिस पर यकीन किया जा सके, धरती का कोई कोना नहीं, जिसके नीचे दबा कोई घोटाला खुदाई का इंतजार न कर रहा हो। लेकिन यही चुनाव, हादसों एवं भ्रष्टता के मौके होते हैं, जब किसी देश के सच्चे चरित्र का पता चलता है। आगे-पीछे चुनावों  के तहत तथाकथित नेता द्वारा हजारों जुमलों में किसी समाज व्यवस्था को बहलाया जा सकता है, लेकिन बुरे वक्त में नहीं। भारत के चरित्र को परखने का सही समय चुनाव है या ऐसे वीभत्स हादसें एवं भ्रष्टता की अंधी गलियां। भारत दुनिया का गुरु बनने एवं तीसरी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, दुनिया भारत के आध्यात्मिक अनुभवों से मोहित है और यह एक पक्की बात है कि धर्म को लेकर जैसा काम भारत में हुआ, वैसा कहीं नहीं हुआ और पिछले दशक में उसे और जीवंतता मिली। लेकिन यह एकांगी महानता है, क्योंकि दुनिया में तरक्की के पैमाने भौतिक हैं और उस मामले में भारत की ताकत सदियों पहले खत्म हो गई थी, अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अध्यात्म के साथ उसी भौतिक ताकत को बढ़ा रहे हैं। जहां तक ईमानदारी, निष्ठा और सत्य जैसे मूल्यों का सवाल है, वे कितने हमारी जिंदगी में हैं इसका पता करप्शन के आंकड़ों एवं बार-बार होने वाले हादसों से लग जाता है।

**अर्ज किया है..!**

*अन्दर थी जितनी आग*
*वो ठंडी न हो सकी*
*पानी था सिर्फ़ घास के*
*ऊपर पड़ा हुआ*

*-इक़बाल साजिद*

**OSHO कहिन**

"कल कभी भी नहीं आता,
हमेशा आज ही रहता है।"



**महिला जगत**

# कौन थीं महारानी अहिल्याबाई होलकर जिन्होंने बनाई महिलाओं की सेना



31 मई को महारानी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाई जाती है। 1725 को महाराष्ट्र के अहमदनगर में चांऊडी गांव में अहिल्या का जन्म हुआ था। वह अपने गांव के सम्मानित मान्कोजी शिंदे की सुपुत्री थीं। वह किसी राजघराने से संबंध नहीं रखती थीं लेकिन एक दिन उनके हाथों में राज्य की सत्ता आ गई। एक साधारण से परिवार की लड़की असाधारण दायित्वों का निर्वहन करने लगी।

ये दौर औरंगजेब की मृत्यु के बाद मुगल के पतन का था, जब मराठा अपने साम्राज्य का विस्तार करने में जुटे हुए थे। मराठा सेनापतियों में से एक मल्हार राव होलकर थे। पेशवा बाजीरान ने मल्हार राव होल्कर को मालवा की जागीर सौंपी। होल्कर ने अपने बाहुबल से राज्य की स्थापना करते हुए यहां इंदौर बसाया।

मल्हार राव होलकर के इकलौते बेटे खंडेराव के लिए वह ऐसी पत्नी चाहते थे जो गुणी हो और राजपाट संभालने में बेटे की मदद कर सके। इस दौरान उनकी मुलाकात अहिल्या से हुई। वह एक यात्रा के बाद चांऊडी गांव से गुजर रहे थे तभी शाम की आरती के वक्त एक बच्ची के भजन ने उनका ध्यान खींचा। वह अहिल्या के गुणों और संस्कारों से इतना प्रभावित हुए कि अपनी पुत्र खंडेराव होलकर का विवाह अहिल्या के साथ करा दिया।

शादी के बाद खंडेराव सत्ता संभालने लगे। इस दौरान अचानक हुए एक युद्ध में खंडेराव होलकर वीरगति को प्राप्त हो गए। वह तो सती प्रथा को अपनाते हुए पति संग अपने प्राण त्याग देना चाहती थीं। लेकिन मल्हार राव होलकर को अहिल्या की काबिलियत पर भरोसा था कि वह उनके बेटे का कार्यभार संभाल सकती है।

उन्होंने अहिल्या को अपने पुत्र की तरह पाला और अहिल्या भी राज्य के कामकाज में मल्हार राव का हाथ बंटाने लगीं। हालांकि उनका जीवन बहुत संघर्ष पूर्ण था। पहले ससुर और फिर 22 वर्ष की आयु में बेटे मालेराव को खो दिया। बेटे के साथ राज्य का पतन न हो जाए इसलिए राजकाज को खुद ही संभालने लगीं। हालांकि कोई पुरुष राजा न होने के कारण राज्य के एक कर्मचारी ने दूसरे राज्य के राजा राघोबा को पत्र लिखकर होल्कर पर कब्जा करने का न्योता दे दिया।

राजगद्दी संभालते हुए महारानी अहिल्याबाई होल्कर ने आसपास के राज्यों में यह सूचना पहुंचा दी। उनके सेनापति और पेशवा बाजीराव ने उनकी सहायता की। अहिल्याबाई ने राज्य को मजबूत करने के लिए अपने नेतृत्व में महिला सेना की स्थापना की। अहिल्याबाई ने स्त्रियों को उनका उचित स्थान दिया। अहिल्या ने लड़कियों की पढ़ाई-लिखाई को विस्तार देने का प्रयास किया। दीन-दुखियों की मदद के लिए कार्य किए। 1795 में जब उनका निधन हुआ तो उनके सेनापति तुकोजी ने इंदौर की गद्दी संभाली।

New Delhi

# भारत के लिए बड़ी उपलब्धि : RBI ने ब्रिटेन से 100 टन सोना वापस मंगाया

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** चंद्रशेखर के जमाने में जहां भारत दूसरे देशों में अपना सोना गिरवी रखने को मजबूर था तो आज मोदी के इंडिया में विदेश में वर्षों से जमा सोना भारत वापस मंगा रहा है। इस कड़ी में भारतीय रिजर्व बैंक ने ब्रिटेन से 100 टन से थोड़ा अधिक सोना देश में अपने तिजोरी में भेजा है। यह 1991 की शुरुआत के बाद पहली बार है, जब इतने बड़े पैमाने पर सोना आरबीआई की तिजोरी में जमा किया गया है।

आने वाले महीनों में फिर से इतनी ही मात्रा में सोना देश में आ सकता है। यह जानकारी टाइम्स ऑफ इंडिया के सूत्रों ने उसे दी है। एक सूत्र ने कहा, 'यह अर्थव्यवस्था की मजबूती और आत्मविश्वास को दर्शाता है, जो 1991 की स्थिति के बिल्कुल विपरीत है।'



लेटेस्ट डेटा के अनुसार मार्च के अंत में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के पास 822.1 टन सोना था, जिसमें से 413.8 टन विदेशों में रखा गया था। सोना खरीदने वाले केंद्रीय बैंकों में आरबीआई भी शामिल रहा , जिसने पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान 27.5 टन सोना जोड़ा।

दरअसल दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों के लिए बैंक ऑफ इंग्लैंड पारंपरिक रूप से भंडारगृह रहा है। भारत भी इससे अलग नहीं है। आजादी से पहले से लंदन में भारत के सोने के स्टॉक पड़े हुए हैं। एक अधिकारी ने कहा, 'आरबीआई ने कुछ साल पहले सोना खरीदना शुरू किया था और यह तय किया कि वह इसे कहां स्टोर करना चाहता है। चूंकि विदेशों में भारत का स्टॉक बढ़ रहा था, इसलिए कुछ सोना भारत लाने का फैसला किया गया।'

New Delhi

## सरकारी नौकरी में प्रमोशन अधिकार नहीं, संविधान ने भी तय नहीं किया है मानदंड : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, (एजेंसी) देश की सर्वोच्च अदालत ने सरकारी नौकरी में प्रमोशन को लेकर बड़ी बात कही है। कोर्ट ने कहा कि सरकारी कर्मचारियों को प्रमोशन देने के मानदंडों का संविधान में कहीं भी जिक्र नहीं है। कोर्ट ने कहा कि सरकार और कार्यपालिका प्रमोशन के मानदंडों को तय करने के लिए स्वतंत्र है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, जस्टिस जे बी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने अपने फैसले में कहा, 'भारत में कोई भी सरकारी कर्मचारी प्रमोशन को अपना अधिकार नहीं मान सकता है, क्योंकि संविधान में इसके लिए कोई मानदंड निर्धारित नहीं किया गया है।''**

अदालत ने अपने फैसले में कहा कि विधायिका या कार्यपालिका रोजगार की प्रकृति और उम्मीदवार से अपेक्षित कार्यों के आधार पर प्रमोशन के पदों पर रिक्तियों को भरने की विधि तय कर सकती है। कोर्ट ने आगे कहा कि न्यायपालिका यह तय करने के लिए समीक्षा नहीं कर सकती कि प्रमोशन के लिए अपनाई गई नीति 'सर्वश्रेष्ठ उम्मीदवारों' के चयन के लिए उपयुक्त है या नहीं।

न्यायमूर्ति पारदीवाला ने फैसला लिखते हुए कहा, 'हमेशा यह धारणा होती है कि लंबे समय से काम कर रहे कर्मचारियों ने संस्था के प्रति वफादारी दिखाई है और इसलिए वे अपने करियर में संस्था से भी इसी तरह के व्यवहार के हकदार हैं।' उन्होंने आगे कहा कि पिछले कुछ वर्षों में सुप्रीम कोर्ट ने लगातार यह फैसला सुनाया है कि जहां योग्यता और वरिष्ठता के सिद्धांत पर प्रमोशन देना तय है, वहां योग्यता पर अधिक जोर दिया जाना चाहिए।

Uttarpradesh

## 'जिस गाड़ी से एक्सीडेंट हुआ उससे 4-5 किमी दूर थी मेरी कार', सड़क हादसे में दो युवकों की मौत पर करण भूषण का बयान

**लखनऊ, (एजेंसी)** कैसरगंज के सांसद और भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह के बेटे और भाजपा प्रत्याशी करण भूषण सिंह के काफिले में शामिल एक कार ने बुधवार को तीन लोगों को कुचल दिया था, जिसमें दो युवकों की मौत हो गई थी. अब पूरे मामले पर खुद करण भूषण सिंह ने सफाई दी है. उन्होंने बताया कि उनकी गाड़ी और जिस कार से टक्कर हुई दोनों में करीब-करीब 4 से 5 किमी की दूरी थी. बीजेपी उम्मीदवार करण भूषण शरण सिंह ने कहा, 'वह एक दुखद घटना थी. हम 3-4 गाड़ियों से एक कार्यक्रम में जा रहे थे. मेरे पास फोन आया था कि कोई दुर्घटना हुई है जिसमें 2 लोग मर गए हैं. मैं भी सदमे में था. मैंने उसके बाद एक गाड़ी मौके पर भेजी कि देखो क्या हुआ. उन्होंने बताया, 'एक महिला सड़क पार कर रही थी. वो बच्चे बाइक से आ रहे थे. उनकी भी गलती नहीं थी. बाइक डिसबेलेंस होकर गिर पड़ी. बाइक लेफ्ट साइड में गिर गई और जैसे ही बाइक गिरी वैसे ही दुर्घटना हो गई. मेरी गाड़ी और वो गाड़ी जिससे एक्सीडेंट हुआ दोनों में 4-5 किलोमीटर का फासला था.'

Karnataka

## प्रज्वल रेवन्ना को महिला पुलिस की टीम ने किया अरेस्ट, आरोपी से लेकर पीड़ितों को भी संदेश

**बेंगलुरु, (एजेंसी)** यौन शोषण और सेक्स स्कैंडल के आरोपों में घिरे जेडीएस से निष्कासित हासन सीट से सांसद प्रज्वल रेवन्ना भारत लौट आया है. 35 दिन बाद जर्मनी से लौटे रेवन्ना को बेंगलुरु में एयरपोर्ट पर लैंड करने के कुछ ही मिनट बाद एसआईटी ने गिरफ्तार कर लिया. वह 27 अप्रैल को देश छोड़कर भाग गया था. खास बात यह कि एयरपोर्ट पर जिस टीम ने रेवन्ना को गिरफ्तार किया उसमें सभी महिला सदस्य शामिल थीं. बेंगलुरु एयरपोर्ट पर शुक्रवार देर रात प्रज्वल रेवन्ना को गिरफ्तार करने के लिए महिला पुलिस की एक टीम ने ऑपरेशन का नेतृत्व किया. एसआईटी की इस टीम में सभी महिला सदस्य शामिल थीं. गिरफ्तारी के बाद महिला पुलिस रेवन्ना को सीआईडी कार्यालय लेकर आई.

प्रज्वल रेवन्ना को गिरफ्तार करने के लिए सभी महिला अधिकारियों को भेजना एक संदेश था. प्रतीकात्मक संदेश कि 'प्रज्वल ने सांसद के रूप में अपनी सीट और सत्ता का दुरुपयोग महिलाओं के साथ किया तो महिलाओं को कानूनी कार्रवाई कर उसे गिरफ्तार करने का अधिकार है'.

साथ ही पीड़ितों को भी प्रतीकात्मक संदेश दिया गया कि महिला अधिकारी किसी से डरती नहीं हैं. एयरपोर्ट पर इस टीम का नेतृत्व महिला आईपीएस अधिकारी ने किया. प्रज्वल के साथ जीप में पांच महिला अधिकारी भी मौजूद थीं.

खेल

# टूर्नामेंट शुरू होने से पहले भारत ने किया कड़ा अभ्यास, हार्दिक ने घंटे भर तक की गेंदबाजी

**न्यूयॉर्क, (एजेंसी) भारतीय टीम ने टी20 विश्व कप में अपना अभियान शुरू करने से पहले न्यूयॉर्क में अपने पहले ट्रेनिंग सीजन में जमकर पसीना बहाया। भारत को पांच जून को आयरलैंड के खिलाफ टूर्नामेंट में अपना पहला मैच खेलना है और उससे पहले रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम एक जून को बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मुकाबला खेलेगी। अभ्यास सीजन के दौरान ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने करीब घंटे भर गेंदबाजी की और बल्लेबाजी का अभ्यास भी किया।**

भारतीय टीम ने न्यूयॉर्क में बने नए नसाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में अभ्यास किया। टीम के ट्रेनिंग सीजन के दौरान न्यूयॉर्क में मौसम सुहाना रहा। हालांकि, इसमें स्टार बल्लेबाज विराट कोहली शामिल नहीं थे क्योंकि वह अभी टीम से नहीं जुड़े हैं। कोहली गुरुवार रात न्यूयॉर्क के लिए रवाना हो गए थे और वह जल्द ही टीम से जुड़ने वाले हैं। हालांकि, कोहली के बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मुकाबले में खेलने पर संशय बरकरार है।




पिछले कुछ समय से खराब दौर से गुजर रहे भारतीय टीम के उपकप्तान हार्दिक ने अभ्यास सत्र के दौरान जमकर पसीना बहाया और वह ट्रेनिंग सीजन का मुख्य आकर्षण बने रहे। हार्दिक ने इस दौरान बल्ले और गेंद दोनों से कड़ा अभ्यास किया। हार्दिक इस सप्ताह के शुरुआत में टीम से जुड़े थे और उन्होंने नेट्स पर करीब एक घंटे तक गेंदबाजी की। हार्दिक आईपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस के लिए लगातार गेंदबाजी नहीं कर रहे थे, इसलिए उन्होंने नेट्स पर अधिक समय गेंदबाजी की जिससे फिटनेस साबित की जा सके। गेंदबाजी के बाद हार्दिक ने नेट्स पर लंबे समय तक बल्लेबाजी भी की।

सिनेमा

## 99 रुपये का टिकट बनाएगा 'मिस्टर एंड मिसेज माही' को विनर, राजकुमार राव को मिलेगी सबसे बड़ी ओपनिंग?




बॉलीवुड एक्टर्स राजकुमार राव और जाह्नवी कपूर पिछले कई दिनों से लगातार अपनी नई फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' के प्रमोशन में जुटे हुए हैं. क्रिकेट के बैकग्राउंड पर बनी इस फिल्म का ट्रेलर जनता को काफी पसंद आया था. इसके गाने 'देखा तेनू' और 'अगर हो तुम' काफी पॉपुलर हो रहे हैं, जो फिल्म के लिए माहौल बना रहे हैं.

राजकुमार और जाह्नवी की मेहनत का नतीजा अब बस आने ही वाला है और शुक्रवार सुबह फिल्म थिएटर्स में होगी. ऐसे में एडवांस बुकिंग का ट्रेंड बता रहा है कि 'मिस्टर एंड मिसेज माही' कि डायरेक्टर शरण शर्मा और दोनों एक्टर्स को एक अच्छी हिट मिल सकती है. आये बताते हैं कैसे...

'मिस्टर एंड मिसेज माही' के लिए एडवांस बुकिंग इसी हफ्ते शुरू हुई. फिल्म की रिलीज के साथ-साथ थिएटर्स में सिनेमा लवर्स डे भी होगा और इस खास ऑफर के चलते हर फिल्म का टिकट सिर्फ 99 रुपये में अवेलेबल है.

## Highlights



1. 1st pic shows PM Modi meditating in Kanniyakumari
2. Ask UP, H'yana to release water: Delhi CM to BJP amid water crisis
3. When will monsoon arrive in major Indian cities?
4. 20 cars block Lucknow road for birthday party; FIR lodged
5. School reopening preparations underway in Karnataka

# Paytm hits 5% upper circuit for third consecutive session. Here's why




**NEW DEIHI, (Agency).** Paytm share price: Paytm parent One97 Communications shares hit a 5 per cent upper circuit today (May 31). This comes as a block deal involving 75.20 lakh shares, representing a 1.2 per cent stake in the company, took place on the exchanges.

The block deal was worth a total of ₹296.30 crore and the average floor price of the transaction was also at a premium of 3.6 per cent, Moneycontrol reported.

Paytm shares have been gaining since reports claimed that Adani Group chairman Gautam Adani might be considering acquiring a stake in Paytm's parent company, One97 Communications.

Paytm issued a clarification and dismissed the report as mere speculation saying, "We hereby clarify that the abovementioned news item is speculative, and the company is not engaged in any discussions in this regard. We have always made and will continue to make disclosures in compliance with our obligations under the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015."

# Mamaearth's Ghazal Alagh on what she learnt from her kids: 'My little ones taught me...'

NEW DEIHI, (Agency). Mamaearth co-founder Ghazal Alagh shared lessons that she has learnt from her children. Writing on X (formerly Twitter), Ghazal Alagh said that kids are "life's most unexpected teachers".



"Kids are life's most unexpected teachers. Here's what my little ones have taught me: Finding happiness in simple things, accepting others without judgement, listening to the body's needs, staying curious and asking questions. If you have a kid, you have a mentor for life. They might surprise you!" she wrote.

Several users responded to her post sharing lessons that they had learnt from their kids.

One user wrote, "My best learning from kids - They do only stuff which has joy & fun element. Even the work."

A second commented, "That is so true! Having a child around you teaches you how life is meant to be lived and as adults we just come up with ways to mess it up more and more."

Some users also praised Ghazal Alagh for sharing such posts as one wrote, "Taking right clues from the events of life is so important in life. Your wisdom is also fine clue Ghazal. Thanks for sharing them.

## दो लोगों ने किया 11 लाख के माल का गबन

**इंदौर**। लसूडिया इलाके में एक कंपनी में 11 लाख रूपए के घोटाले में दो आरोपियों पर केस दर्ज किया है। आरोपी फरार हैं। थाना लसूडिया पुलिस के मुताबिक घोटाला आरपीएफ इंडस्ट्रीज में हुआ। आवेदक शैलेंद्र सिंह कुशवाह की शिकायत पर आरोपी राजेश पिता घसीटाराम अहिरवार निवासी ग्राम बरखेड़ा लाल जिला अशोकनगर और कैलाश पिता गणपत पचलानिया निवासी ग्राम माकडोन उ'ौन पर केसदर्ज किया गया। ये दोनों यूनाइटेड कंपाउंड देवास नाका में कार्यरत थे। आरोपियों ने न्यास भंग कर कंपनी का करीबन 11 लाख 2 हजार रूपए का माल अन्य डीलरों को चोरी से बेच दिया और राशि हड़प ली। इस तरह कंपनी के साथ गबन किया।

## घर में ही मिले दो जिलाबदर बदमाश

**इंदौर**। पुलिस ने जिलाबदर दो बदमाशों को घेराबंदी कर गिर तार कर लिया। इनके खिलाफ रा'य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। थाना सांवेर पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर जिलाबदर आरोपी दुर्गेश पिता संतोष परमार निवासी राजौदा को पकड़ा। इसके घर पर दाबिश दी गई तो भीतर छिपा मिला। इसके खिलाफ रा'य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई और जेल भेजा गया। इधर थाना चंद्रावतीगंज पुलिस ने जिलाबदर आरोपी संतोष पिता बजेसिंह कीर निवासी बीबीखेड़ी को पकड़ा। आरोपी के घर पर दबिश दी गई। उसे गिर तार किया गया। इसके खिलाफ जिला दंडाधिकारी ने जिलाबदर आदेश जारी किया था। इस पर भी रा'य सुरक्षा अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया।

## पत्नी को कर दिया घायल

**इंदौर**। एमआईजी क्षेत्र में नशे में धुत पति ने घर में जमकर उत्पात मचाया। आरोपी ने बेटी को पीटा और पत्नी पर चाकू से कई वार कर घायल कर दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। थाना एमआईजी पुलिस के मुताबिक विवाद और चाकूबाजी की घटना नेहरू नगर में हुई। घायल महिला का नाम सुनीता पति राधेश्याम सोनकर (50) है। उसकी रिपोर्ट पर आरोपी पति राधेश्याम के खिलाफ केस दर्ज किया है। महिला ने पुलिस को बताया कि मैं अपने घर पर थी तभी पति शराब पीकर आया और मुझे गालियां देने लगा मैंने गाली गलौज करने से मना किया और अपनी बेटी काजल को साथ लेकर मंदिर जाने लगी। उसी दौरान गुस्साए पति ने घर में से रखा सब्जी काटने का चाकू उठाया और मुझ पर वार कर दिए। चाकू हाथ, कोहनी,हथेली और गाल पर लगने से चोट आई और खून निकलने लगा पुलिस ने बताया कि आरोपी को हिरासत में ले लिया गया।

## पुलिस पहुंची आम लोगों के बीच

# नशे से दूर रहने की दिलाई शपथ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर को नशा मुक्ति किया जा सके इसके लिए इंदौर पुलिस द्वारा जोन -1 में कार्यक्रम नया सेवरा-एक नई शुरूआत के तहत पुलिस अफसर आम जनमानस के बीच पहुंचे और उन्हें नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई।**

एडिशनल पुलिस कमिश्नर अमित सिंह और डीसीपी जोन-1 विनोद कुमार मीना के नेतृत्व में जोन-1 में राजेंद्र नगर और आजाद नगर क्षेत्र में नशे रोकने के लिए नया सवेरा -एक नई शुरूआत कार्यक्रम के तहत एसीपी आम जनता के बीच पहुंचे और नशा मुक्ति को लेकर उन्हें शपथ दिलाई। एडिशनल पुलिस कमिश्नर आलोक शर्मा के मार्गदर्शन में एसीपी गांधी नगर रूबिना मिजवानी व थाना प्रभारी सियाराम सिंह राजेंद्रनगर क्षेत्र के नशा प्रभावित मोहल्ला अमर पैलेस पहुंचे यंहा नशा उन्मूलन हेतु जन संवाद किया जनसंवाद कार्यक्रम में लगभग &00 महिला पुरूष और ब'ो शामिल हुए। सभी ने नशे को जड़ से खत्म करने की शपथ ली। इसी तरह आजाद नगर क्षेत्र में एसीपी आशीष पटेल और थाना प्रभारी नीरज मेढा ने नशाखोरी के हाट स्पाट पहुंचकर लोगों से संवाद किया और सभी को नशे के दुष्प्रभाव बताते हुए नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। जोन -1 में ये दोनों ही क्षेत्र नशे के हाटस्पाट हैं,ऐसे में पुलिस अफसरों ने अभियान की शुरूआत इन्हीं इलाकों से की।

## ब्रिज से कूदा युवक

### पिता की मौत के बाद तनाव में था, ईलाज कराने इंदौर आया था

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। राजेन्द्र नगर में देर रात एक युवक ने राजेन्द्र नगर ब्रिज से कूदकर अपनी जान दे दी। बताया जाता है कि वह बलवाड़ा का रहने वाला है। यहां अपने जीजा के यहां के एक दिन पहले ही उपचार के लिये पहुंचा था। उसकी मानसिक स्थिती ठीक नही थी।**

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक गोपाल(26)पिता सीताराम चौहान निवासी बलवाड़ा ने राजेन्द्र नगर ब्रिज से कूदकर देर रात 2 बजे अपनी जान दे दी। परिवार के लोगो ने बताया कि बुधवार को वह अपने जीजा के यहां अहिरखेडी में आया था। परिवार के लोगो ने बताया कि उसकी मानसिक स्थिती ठीक नही थी। इसे लेकर उसका उपचार चल रहा था।

गोपाल के पिता की तीन माह पहले हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। वह अपने पिता से काफी प्यार करता था। उनकी मौत के बाद वह डिप्रेशन में चले गया था। गोपाल का एक ओर भाई है। परिवार पेशे से खेती किसानी का काम करता है। पुलिस मामले में मर्ग कायम किया।

## एसीपी ने लगाई बच्चों की क्लास

### सायबर फ्राड से बचाव के लिए दी टिप्स

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। सायबर फ्राड के मामले तेजी से बढ रहे हैं, खाशकर ठगोरे युवाओं को टारगेट कर रहे हैं,ऐसे में सायबर फ्राड से बचाव के लिए पुलिस अफसर लगातार लोगों के बीच जाकर उन्हें जागरूक कर रहे हैं। इसी कड़ी में सेंट्रल कोतवाली एसीपी विनोद दीक्षित ने बच्चों की क्लास लगाई और उन्हें सायब फ्राड से बचने के लिए टिप्स दी।**

नशे की गिर त में युवा तेजी से उलझ रहे हैं और ऐसे में वे अपराध के चंगुल में भी फंस जाते हैं,ऐसे में युवाओं को नशे के विरूद्ध जागरूक करने के लिए पुलिस अफसर उनके बीच पहुंकर उन्हें जागरूक कर रहे हैं। गुरूवार को एसीपी विनोद दीक्षित नाहटा कोचिंग क्लासेस में पहुंचे यंहा उन्होंने युवाओं को नशे से होने वाले नुकशान के बारे में बताया साथ उन्हें नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलाई। इसके साथ ही सायबर फ्राड को लेकर भी उन्हें जागरूक किया ताकि ठगोरे उन्हें अपना शिकार ना बना सकें।

## युवती से मोबाइल लूटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। भंवरकुंआ इलाके में बदमाशों ने एक युवती को निशाना बनाया और मोबाइल ले भागे। पुलिस ने फरियादी निर्मला पिता पूनाजी मंसारे निवासी खरगोन हाल मुकाम गोल्फ लिंक कालोनी बाईपास कनाडिया की शिकायत पर बाइक सवार बदमाश के खिलाफ लूट का मुकदमा दर्ज किया है। उसने बताया कि वह बाबा टी स्टाल एबी रोड से होते हुए जा रही थी तभी बदमाश ने पीछे से झपट्टा मारा और मोबाइल छीनकर फरार हो गया। पुलिस इलाके के सीसीटीवी फुटेज खगाल रही है।

## गोदाम में दो पक्षों में जमकर मारपीट, तीन लोग घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। राऊ इलाके में एक गोडाउन में दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। पाइप और लात घूसों से हमले में तीन लोग घायल हो गए. पुलिस ने दोनों पक्ष पर केस दर्ज किया है। थाना राऊ पुलिस के मुताबिक विवाद और मारपीट स्काय पार्क कालोनी रोड पर मिथुन राठौर के गोडाउन में हुई। एक पक्ष से फरियादी लईक पिता सैफुद्दीन खान निवासी आजाद नगर की रिपोर्ट पर आरोपी अब्दुल वहीद,अयान और फरदीन निवासी चंदननगर पर केस दर्ज किया गया। फरियादी ने बताया कि गोडाउन पर मेरा सामान ले गया था। मुझे आरोपियों ने सामान नहीं उठाने दिया। गालियां दी और लात घूंसों से मारपीट की। मैंने मेरे भाई सई व मेरे लडके अतीक को फोन कर बुलाया तो आरोपियों ने लोहे के पाइप से भाई सईद को सिर पर मार दिया जिससे वह भी घायल हो गया। पुलिस ने दूसरे पक्ष से फरियादी अब्दुल वहीद निवासी चंदन नगर की रिपोर्ट पर आरोपी लाईक और सईद पर केस दर्ज किया है। फरियादी ने बताया कि मैं , अयान और फरदीन काम कर रहे थे। मेरी साइट पर आरोपी लईक व सईद आए बोले कि यहां पर काम क्यों कर रहे हो। ये कहकर पाइप से हमला कर दिया।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक